NATIONAL PUBLIC SCHOOL
KENGERI,BENGALURU

दिनांक : १०-९-२४ से १३-९-२४

स्थान: स्कूल सभा

हिंदी दिवस पर रिपोर्ट

हिंदी दिवस के अवसर पर आज विद्यालय में एक विशेष सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को हिंदी भाषा के महत्व और उसकी महत्ता से परिचित कराना था ।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई । इसके बाद छात्रों ने हिंदी भाषा पर आधारित कविताएँ और भाषण प्रस्तुत किए। कक्षा १ के छात्रा ने मीराबाई के भजन सुनाए जिसने सभी का मन मोह लिया , कक्षा ३ के छात्रों ने "हिंदी भाषा " के विकास के महत्व को उजागर करते हुए एक गीत प्रस्तुत की।कक्षा ४ और कक्षा ५ के छात्रों ने "हिंदी के महत्ता" पर एक प्रेरणादायक भाषण दिया, जिसमें उन्होंने बताया कि किस प्रकार हिंदी न केवल हमारी सांस्कृतिक धरोहर है , बल्कि हमारे देश की एकता का भी प्रतीक है ।

इसी अवसर पर कक्षा १ से कक्षा ५ के छात्र -छात्राओं ने पूरा सप्ताह हिंदी दिवस पर आधारित अलग - अलग अवसरों पर विभिन्न गतिविधियों को प्रस्तुत कर हमारा मनमोह लिया। जैसे : हिंदी दिवस पर नारा, वर्णमाला के चार्ट , व्याकरण चार्ट हिंदी दिवस के चार्ट आदि।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, और सभी छात्रों ने हिंदी भाषा को अपने जीवन में और अधिक महत्व देने का संकल्प लिया।

धन्यवाद